अध्याय 3

शहरपनाह को बनाने वाले

अध्याय 2 के अन्त के निकट, नहेम्याह ने बताया कि यहूदी यरूशलेम की शहरपनाह को बनाने के लिए सहमत हो गए। उन्होंने अपने करने को अपने कहने के समान किया और "इस भले काम को करने के लिये हियाव बाँध लिया" (2:18)। अध्याय 3 विभिन्न श्रमिकों की पहचान देता है और उन विभिन्न खण्डों वर्णन करता है जिनपर उनके द्वारा कार्य किया गया।

इस अध्याय में बल इस बात पर है कि यरूशलेम की शहरपनाह का समर्पित श्रमिकों द्वारा पुनः निर्माण कर दिया गया। नहेम्याह का वर्णन पाठक को शहर के चारों ओर की यात्रा पर ले जाता है। इसका आरंभ उनके नामों के साथ होता है, जिन्होंने "भेड़ फाटक" की मरम्मत की (3:1), और फिर शहर के चारों ओर वामावृत दिशा में घूमता है। यह सर्वेक्षण समाप्त होता है वापस "भेड़ फाटक" (3:32) पर आने के द्वारा।

उत्तरी शहरपनाह (3:1-5)

[1]तब एल्याशीब महायाजक ने अपने भाई याजकों समेत कमर बाँधकर भेड़फाटक को बनाया। उन्होंने उसकी प्रतिष्ठा की, और उसके पल्लों को भी लगाया; और हम्मेआ नामक गुम्मट तक वरन् हननेल के गुम्मट के पास तक उन्होंने शहरपनाह की प्रतिष्ठा की। [2]उससे आगे यरीहो के मनुष्यों ने बनाया, और इन से आगे इम्री के पुत्र जक्कूर ने बनाया। [3]फिर मछलीफाटक को हस्सना के बेटों ने बनाया; उन्होंने उसकी कड़ियाँ लगाईं, और उसके पल्ले, ताले और बेंड़े लगाए। [4]उनसे आगे मरेमोत ने जो हक्कोस का पोता और ऊरियाह का पुत्र था, मरम्मत की। इनसे आगे मशुल्लाम ने जो मशेजबेल का पोता, और बरेक्याह का पुत्र था, मरम्मत की। इससे आगे बाना के पुत्र सादोक ने मरम्मत की। [5]इनसे आगे तकोइयों ने मरम्मत की; परन्तु उनके रईसों ने अपने प्रभु की सेवा का जूआ अपनी गर्दन पर न लिया।

आयत 1. वर्णन का आरंभ **एल्याशीब महायाजक** के साथ होता है, अन्य **याजकों** सहित, जिन्होंने शेष लोगों के लिए उदाहरण स्थापित किया। उन्होंने **भेड़फाटक को बनाया**, जो कि "उत्तर-पूर्वी कोने के निकट"[1] जाना जाता था, जो मंदिर से अधिक दूरी पर नहीं था (देखें 3:32; 12:39)। यह माना जाता है कि इस फाटक पर भेड़ें खरीदी जा सकती थीं या बलिदान चढ़ाने के लिए इस में से होकर

लाई जाती थीं,[2] संभवतः निकट स्थित बैतहसदा के कुण्ड में धोए जाने के पश्चात। शहर में प्रवेश का यह द्वार वही हो सकता है जिसे निर्वासन से पूर्व बिन्यामीन का फाटक कहा जाता था (देखें यिर्म. 20:2; 37:13; 38:7; जकर्याह 14:10)।

उत्तरी **शहरपनाह** का उनका भाग **हम्मेआ नामक गुम्मट तक वरन् हननेल के गुम्मट के पास तक** था। इस अध्याय में कई गुम्मटों का नाम लिया गया है (3:1, 11, 25-27)। इस प्रकार के ढाँचों से शहरपनाह पर सहारे देने का प्रभाव होता था और सामान्यतः उनका सैनिक उपयोग होता था "सुरक्षा कर्मियों और पहरेदारों के एकत्रित होने और आवास सुविधा" के लिए।[3] कुछ का विचार है कि 3:1 में जिन गुम्मटों का नाम आया है वे मंदिर की चढ़ाई के उत्तरी-पश्चिमी कोने के गढ़ के साथ थे (2:7, 8 पर टिप्पणियाँ देखें)। "हम्मेआ नामक गुम्मट" का नाम उसके "उसकी ऊंचाई, सौ हाथ, या सौ सीढ़ी या एक सैनिक इकाई (देखें व्यव. 1:15)।"[4] "हननेल का गुम्मट" शहर का सबसे उत्तरी छोर माना जाता था (जकर्याह 14:10)।

एलियाशीब और अन्य याजकों ने भेड़ फाटक और उस शहरपनाह की जिसे बनाने में उनका हाथ था, की **प्रतिष्ठा** की। शहरपनाह के प्रथम वॉल्. की प्रतिष्ठा का यह अनुष्ठान "12:27-44 के समस्त शहरपनाह की प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के समान है।"[5] नहेम्याह के अंतिम अध्याय में, एलियाशीब को तोबिय्याह का विवाह द्वारा संबंधी, तथा मित्र या कारोबार में साथी दिखाया गया है (13:4-9, 28)।

आयत 2. उत्तरी शहरपनाह पर काम करने वालों में **यरीहो के मनुष्य** भी थे (देखें 7:36; एज्रा 2:34)। वे उस स्थान पर सम्भवतः सुविधा के कारण परिश्रम कर रहे थे: यरूशलेम के उत्तर की ओर जाने वाला मार्ग, एक अन्य मार्ग से जो पूर्व की ओर यरीहो को जाता था, जुड़ता था।[6]

"यरीहो के मनुष्यों" के अतिरिक्त, उत्तरी शहरपनाह पर **जक्कूर** भी काम कर रहा था। इस व्यक्ति के नाम का अर्थ है "स्मरण किया हुआ," और यह "जकर्याह" का लघु रूप है। पुस्तक में कुछ अन्य भी हैं जिनका नाम "जक्कूर" है (10:12; 12:35; 13:13), परन्तु यह निश्चित नहीं है कि उनमें से किसी की भी पहचान इस व्यक्ति के रूप में हो सकती है।

आयत 3. हस्सना के बेटों को संभवतः एज्रा 2:35 में आए "सना के लोग" के साथ देखा जाना चाहिए। इन लोगों ने शहरपनाह के उस भाग पर कार्य किया जहाँ **मछलीफाटक** स्थित था (देखें 2 इतिहास 33:14; सपन्याह 1:10)। इस फाटक से, यरूशलेम के उत्तर की ओर यात्रा की जा सकती थी, और पश्चिम को भूमध्य सागर की ओर जाने वाले मार्ग को लिया जा सकता था। वहाँ से जोप्पा के बंदरगाह को जाने के लिए उत्तर की ओर मुड़ा जा सकता था।[7] नहेम्याह 13:16 सोरी लोगों के विषय कहता है जो यरूशलेम मछली लेकर आया करते थे; वे संभवतः इसी मार्ग से आया-जाया करते होंगे। मछली बाज़ार संभवतः शहर के अन्दर मछलीफाटक के निकट स्थित था।

आयत 4. अगले भाग पर कार्य करने का श्रेय तीन पुरुषों को दिया गया है। यह माना जाता है कि यदि किसी एक ही व्यक्ति का नाम आया है तो वह शहरपनाह के उसके भाग को पूरा करने वाले श्रमिकों का अगुवा होता था। **मरेमोत** का नाम

सम्मिलित होना महत्वपूर्ण है क्योंकि "वह और मल्कियाह [3:11] एज्रा और नहेम्याह के कार्यों को, जिनके विषय यह भी कहा जाता है कि उनमें कुछ सामान्य नहीं था, जोड़ने वाली कड़ियों को प्रदान करते हैं।"[8] (देखें एज्रा 8:33; 10:31.) **मशुल्लाम (बेरेक्याह का पुत्र)** फिर से 3:30 में आता है, जहाँ कहा गया है कि उस "ने अपनी कोठरी के सामने मरम्मत की।" एक भिन्न "मशुल्लाम" ("बसोदयाह के पुत्र") का नाम 3:6 में आया है। नाम **सादोक** को 3:29 में दोहराया गया है, परन्तु यह एक भिन्न व्यक्ति जिसके पिता का नाम भिन्न था, के लिए आया है।

आयत 5. तकोइयों ने भी शहरपनाह में सहायता की। ये लोग आमोस के घर के नगर तेकोआ (आमोस 1:1) से थे। उन्होंने न केवल शहरपनाह के इस भाग की मरम्मत की वरन "एक और भाग की" भी की (3:27)। यरीहो और अन्य स्थानों के लोगों के समान, वे भी यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि यरूशलेम सुरक्षित हो और वह परमेश्वर के लोगों की नामधराई का कारण न रहे।

किन्तु यह रोचक है कि **उनके रईसों ने अपने प्रभु की सेवा का जूआ अपनी गर्दन पर न लिया**। जिस इब्रानी शब्द का अनुवाद "रईसों" हुआ है वह אַדִּיר (*'अद्दीर*) से है और इसका शब्दार्थ होता है "महान व्यक्ति" या "राजसी जन।" इस शब्द के अन्य अनुवादों में सम्मिलित हैं "विलक्षण जन" (NAB), "प्रमुख जन" (TEV), और "नगर के अगुवे" (CEV)। इन आलीशान लोगों ने हाथों से किए जाने वाले पुनः निर्माण के कार्य में अपने हाथों को गंदा करना नहीं चाहा। इब्रानी लेख का वास्तविक रूप है "सेवा का जूआ अपनी गर्दन पर न लिया" (RSV)। यहाँ प्रयुक्त भाषा को बैलों द्वारा हल जोतने के लिए जूए में जुड़ने से इनकार करने के चित्रण से लिया गया है (देखें यिर्म. 27:12)।

इन लोगों ने कार्य में सहायता करने से क्यों मना किया? लेख यह नहीं बताता है। हो सकता है कि वे अपने आप को इस प्रकार का कार्य करने वालों से कहीं बढ़कर समझते हों। इसके लिए NJB कहती है "अपने प्रभुओं की सहायता करने के द्वारा उन्होंने अपने आप को नीचा नहीं दिखाया।" एफ. चार्ल्स फेनशैम ने एक अन्य संभावना व्यक्त की है: क्योंकि तेकोआ एक सूखे, और खुले स्थान पर स्थित था, यरूशलेम से लगभग दस मील दक्षिण में, इसलिए उन्हें भय था कि कहीं गेशेम अरब हमला न कर दे[9] (2:10 पर टिप्पणी देखें)।

इन रईसों के "प्रभु" कौन थे? इब्रानी लेख में प्रयुक्त शब्द है אֲדֹנֵיהֶם (*"डोनेहेम*), जो אָדוֹן (*'अडोन*) का बहुवचन स्वरूप है और जिसका अर्थ होता है "प्रभु/स्वामी।" यह उनके "प्रभुओं" - संभवतः नहेम्याह और कार्य के अन्य प्रभारियों के लिए हो सकता है।[10] कुछ अनुवाद शब्द "पर्यवेक्षक" प्रयोग करते हैं (NIV; NCV; TEV; NLT), जबकि अन्य में "नियंत्रक" (NEB; REB) आया है।

एक अन्य विकल्प है शब्द का "प्रभु" अनुवाद करना (KJV; NKJV; RSV; NRSV; ESV)। यदि यहाँ यही सही अर्थ है तो शहरपनाह के पुनः निर्माण के कार्य को परमेश्वर के द्वारा जताया जा रहा था, जिसने नहेम्याह को प्रोत्साहित किया कि इसे करवाए। ऐसे में *"डोनेहेम* को राजसी का बहुवचन समझा जाना चाहिए।

पश्चिमी शहरपनाह (3:6-12)

[6]फिर पुराने फाटक की मरम्मत पासेह के पुत्र योयादा और बसोदयाह के पुत्र मशुल्लाम ने की; उन्होंने उसकी कड़ियाँ लगाईं, और उसके पल्ले, ताले और बेंड़े लगाए। [7]उनसे आगे गिबोनी मलत्याह और मेरोनोती यादोन ने और गिबोन और मिस्पा के मनुष्यों ने महानद के पार के अधिपति के सिंहासन की ओर से मरम्मत की। [8]उनसे आगे हर्हयाह के पुत्र उजीएल ने और अन्य सुनारों ने मरम्मत की। इससे आगे हनन्याह ने, जो गन्धियों के समाज का था, मरम्मत की; और उन्होंने चौड़ी शहरपनाह तक यरूशलेम को दृढ़ किया। [9]उनसे आगे हूर के पुत्र रपायाह ने, जो यरूशलेम के आधे जिले का हाकिम था, मरम्मत की। [10]उनसे आगे हरुमप के पुत्र यदायाह ने अपने ही घर के सामने मरम्मत की; और इससे आगे हशब्नयाह के पुत्र हत्तूश ने मरम्मत की। [11]हारीम के पुत्र मल्कियाह और पहत्मोआब के पुत्र हश्शूब ने एक और भाग की, और भट्टों के गुम्मट की मरम्मत की। [12]इससे आगे यरूशलेम के आधे जिले के हाकिम हल्लोहेश के पुत्र शल्लूम ने अपनी बेटियों समेत मरम्मत की।

आयत 6. योयादा और एक भिन्न **मशुल्लाम** (देखें 3:4) ने **पुराने फाटक** की मरम्मत की। इस फाटक की स्थिति और नाम विवादास्पद हैं। यदि यह प्रवेशद्वार निर्वासन से पूर्व के "कोने के फाटक" के समतुल्य था, तो संभवतः यह शहर के उत्तर-पश्चिम कोने पर स्थित था (12:39; 2 राजा. 14:13; 2 इतिहास 25:23; 26:9; यिर्म. 31:38; जकर्याह 14:10)। यदि नहीं, तो फिर यह फाटक पश्चिमी शहरपनाह में कहीं स्थित होगा। इसे "पुराने फाटक" के स्थान पर अन्य अनुवाद इब्रानी नाम का लिप्यंतरण "जेशानाह फाटक" करते हैं (NIV; NEB; REB; NJPSV; TEV)। हो सकता है कि इससे होकर जेशानाह को, जो यहूदा और सामरिया की सीमा पर स्थित एक नगर का नाम था, मार्ग जाता हो (2 इतिहास 13:19)। एक अन्य विकल्प है लेख को सुधार कर "मिशानाह फाटक," अर्थात "नए शहर का फाटक" (NAB) या "नए भाग का फाटक" (NJB) पढ़ा जाए।

आयत 7. गिबोनी मलत्याह और **मेरोनोती यादोन** ने और **गिबोन** [देखें 7:25] **और मिस्पा के मनुष्यों ने महानद के पार के अधिपति के सिंहासन की ओर से मरम्मत की।** इस आयत के इब्रानी लेख का अनुवाद करना कठिन है। NASB के लेख के अनुसार, "नदी के पार" के समस्त प्रांत के "अधिपति" (तानाशाही) का एक आधिकारिक निवास-स्थान था ("अधिपति का राजकीय स्थान") जहाँ से वह, जब वह यरूशलेम में होता था, तब अपना कार्य करता था।[11]

एक अन्य संभावना ESV में मिलती है, जो मिस्पा को "महानद के पार के प्रदेश के अधिपति का स्थान" कहती है। यह स्थान, बाबुल के द्वारा यरूशलेम के नाश किए जाने के बाद, 586 ई.पू. में, नबूकदनेस्सर के द्वारा नियुक्त अधिपति, गदल्याह का मुख्यालय हुआ करता था (2 राजा. 25:22, 23; यिर्म. 40:1-41:18)। प्रत्यक्षतः यह फारस के साम्राज्य में भी प्रशासनिक केन्द्र का काम करता

रहा (देखें 3:15)। उस क्षेत्र का अधिपति, जब भी वह वहाँ आता, उस स्थान पर रहा करता होगा।[12] मिस्पा यरूशलेम के लगभग आठ मील उत्तर में था, और गिबोन यरूशलेम के लगभग पाँच मील उत्तर-पश्चिम में था।

आयत 8. जिन दो अगले बनानेवालों का नाम आया है वे थे **उजीएल ... अन्य सुनारों** और **हनन्याह ने, जो गन्धियों के समाज का था**। हो सकता है कि उनके व्यवसायी समुदाय के लोग पश्चिमी शहरपनाह के उस भाग के साथ अपना सामान बेचते हों। इन लोगों ने **चौड़ी शहरपनाह तक यरूशलेम को दृढ़ किया** (देखें 12:38)। संभवतः यह हिजकिय्याह द्वारा पश्चिमी पहाड़ी पर बसे लोगों की अश्शूर के खतरे से सुरक्षा के लिए बनवाई गई बहुत मोटी शहरपनाह के लिए आया है (2 इतिहास 32:5; यशा. 22:10)। इसकी आंशिक रूप से खुदाई की गई है और यह तेईस फीट चौड़ी है। कुछ का विचार है कि "चौड़ी शहरपनाह" नहेम्याह द्वारा पुनः निर्माण की जा रही शहरपनाह का भाग था, जबकि अन्य इसे केवल हवाला देने का एक बिंदु मानते हैं।

आयत 9. हूर के पुत्र रपायाह को **यरूशलेम के आधे जिले का हाकिम** कहा गया है। इसी प्रकार के विभिन्न अर्ध-जिलों के "अधिकारियों" से संबंधित उल्लेख 3:12-18 में मिलते हैं; ये लोग "यरूशलेम" के दूसरे अर्ध-भाग (3:12), "बेथक्केरेम" (3:14), "मिस्पा" (3:15, 19), "बेतसूर" (3:16), और "कीला" (3:17, 18) पर अधिकार रखते थे।[13] प्रतीत होता है ये आधिकारिक जिले थे, जिनपर "अधिकारी" थे जो अधिपति के अधीन थे। बनानेवालों में इनके प्रतिनिधित्व से यह चित्रित होता है कि शहरपनाह के पुनः निर्माण की योजना में, केवल यरूशलेम शहर ही नहीं, समस्त यहूदा सम्मिलित था।

आयत 10. इनसे अगले बनानेवाले थे **यदायाह** जिसने **अपने ही घर के सामने मरम्मत की**, और **हत्तूश**। यह नाम "हत्तूश" वाचा के लेख में भी आया है (10:4); ये दोनों हवाले एक ही व्यक्ति के लिए हो सकते हैं।

आयत 11. मल्कियाह और **हश्शूब** ने **भट्टों के गुम्मट** वाले भाग का पुनः निर्माण किया। एक विचार है कि इस स्थान पर संकेत देने वाली अग्नि सदा प्रज्वलित रहती थी। परन्तु, "भट्टों" के स्थान पर अधिकांश अनुवाद-कर्ता मानते हैं कि תַּנּוּרִים (*थनुर्रिम*) का अर्थ है "तंदूर" (देखें NKJV; NIV; NRSV; NJPSV; REB; TEV; NLT; ESV)। ये तंदूर मिट्टी के पात्रों या रोटी (विशेषकर यदि वे "रोटी वालों की दुकानों"; यिर्म. 37:21, के निकट थे) के पकाने के लिए प्रयोग होते होंगे।

आयत 12. हाकिम हल्लोहेश के पुत्र शल्लूम की सहायता उसकी **बेटियों** ने की। स्त्रियों का यरूशलेम को पुनः दृढ़ करने के काम में आया यह एकमात्र उल्लेख यह दिखाने के लिए पर्याप्त है कि यह काम केवल पुरुषों द्वारा ही नहीं किया गया था। एक अन्य व्यक्ति का 3:15 में "शल्लूम" नाम आया है।

पश्चिमी शहरपनाह दक्षिण (3:13, 14)

[13]तराई के फाटक की मरम्मत हानून और जानोह के निवासियों ने की; उन्होंने उसको बनाया, और उसके ताले, बेंड़े और पल्ले लगाए, और हज़ार हाथ की शहरपनाह को भी अर्थात् कूड़ाफाटक तक बनाया। [14]कूड़ाफाटक की मरम्मत रेकाब के पुत्र मल्कियाह ने की, जो बेथक्केरेम के जिले का हाकिम था; उसी ने उसको बनाया, और उसके ताले, बेंड़े और पल्ले लगाए।

आयत 13. हानून और जानोह के निवासियों के पास **तराई के फाटक** की मरम्मत का दायित्व था, जहाँ से नहेम्याह का रात में किया गया सर्वेक्षण आरंभ हुआ था (2:13)। "जानोह" यरूशलेम से लगभग तेरह मील पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में स्थित था, जिसका अर्थ है कि ये लोग शहरपनाह के उस भाग पर काम कर रहे थे जो उनके नगर की ओर था। उन्होंने **हज़ार हाथ की शहरपनाह को भी अर्थात् कूड़ाफाटक तक बनाया**। यह दूरी लगभग 1,500 फीट के बराबर है। बहुत संभव है कि इस दल द्वारा जिस दूरी तक की मरम्मत की गई वह प्रारुपी नहीं है। संभवतः जिस स्थान पर उन्होंने काम किया वहाँ पर शहरपनाह उतने क्षतिग्रस्त नहीं हुई थी जितनी अन्य स्थानों पर हुई होगी, इसलिए ये लोग अधिक लंबी दूरी औरों सी अधिक शीघ्रता से तय कर सके।

आयत 14. मल्कियाह ने कूड़ाफाटक पर काम किया, जिसका उल्लेख 2:13 में भी आया है। यह शहर से हिनोम की तराई में जलाने के लिए कूड़ा ले जाने का स्थान था। "मल्कियाह" **बेथक्केरेम के जिले का हाकिम था**। इस नाम का अर्थ है "दाख की बारी का घर।" संभवतः यह स्थान यरूशलेम से कुछ मील दक्षिण में था; और यह संकेत की अग्नि का बिंदु होने का काम करता था 586 ई.पू. के विनाश से पहले (यिर्म. 6:1)। यदि यह स्थिति सही है, तो "कूड़ाफाटक" शहर का "बेथक्केरेम" के सबसे निकट स्थित स्थान था।

पूरबी शहरपनाह दक्षिण (3:15-27)

[15]सोताफाटक की मरम्मत कोल्होजे के पुत्र शल्लूम ने की, जो मिस्पा के जिले का हाकिम था; उसी ने उसको बनाया और पाटा, और उसके ताले, बेंड़े और पल्ले लगाए; और उसी ने राजा की बारी के पास के शेलह नामक कुण्ड की शहरपनाह को भी दाऊदपुर से उतरनेवाली सीढ़ी तक बनाया। [16]उसके बाद अजबूक के पुत्र नहेम्याह ने जो बेतसूर के आधे जिले का हाकिम था, दाऊद के कब्रिस्तान के सामने तक और बनाए हुए पोखरे तक, वरन् वीरों के घर तक भी मरम्मत की। [17]इसके बाद बानी के पुत्र रहूम ने कितने लेवियों समेत मरम्मत की। इससे आगे कीला के आधे जिले के हाकिम हशब्याह ने अपने जिले की ओर से मरम्मत की। [18]उसके बाद उनके भाइयों समेत कीला के आधे जिले के हाकिम हेनादाद के पुत्र बव्वै ने मरम्मत की। [19]उससे आगे एक और भाग की मरम्मत

जो शहरपनाह के मोड़ के पास शस्त्रों के घर की चढ़ाई के सामने है, येशु के पुत्र एज़ेर ने की, जो मिस्पा का हाकिम था। 20फिर एक और भाग की अर्थात् उसी मोड़ से ले एल्याशीब महायाजक के घर के द्वार तक की मरम्मत जब्बै के पुत्र बारूक ने तन मन से की। 21इसके बाद एक और भाग की अर्थात् एल्याशीब के घर के द्वार से ले उसी घर के सिरे तक की मरम्मत मरेमोत ने की, जो हक्कोस का पोता और ऊरियाह का पुत्र था। 22उसके बाद उन याजकों ने मरम्मत की जो तराई के मनुष्य थे। 23उनके बाद बिन्यामीन और हश्शूब ने अपने घर के सामने मरम्मत की; और इनके बाद अजर्याह ने जो मासेयाह का पुत्र और अनन्याह का पोता था अपने घर के पास मरम्मत की। 24तब एक और भाग की, अर्थात् अजर्याह के घर से लेकर शहरपनाह के मोड़ तक वरन् उसके कोने तक की मरम्मत हेनादाद के पुत्र बिन्नूई ने की। 25फिर उसी मोड़ के सामने जो ऊँचा गुम्मट राजभवन से बाहर निकला हुआ बन्दीगृह के आँगन के पास है, उसके सामने ऊजै के पुत्र पालाल ने मरम्मत की। इसके बाद परश के पुत्र पदायाह ने मरम्मत की। 26नतीन तो ओपेल में पूरब की ओर जलफाटक के सामने तक और बाहर निकले हुए गुम्मट तक रहते थे। 27पदायाह के बाद तकोइयों ने एक और भाग की मरम्मत की, जो बाहर निकले हुए बड़े गुम्मट के सामने और ओबेल की शहरपनाह तक है।

आयत 15. एक अन्य **शल्लूम** (देखें 3:12), **जो मिस्पा के जिले का हाकिम था** और उसके साथियों ने, **सोताफाटक की मरम्मत** करते समय कई प्रकार के कार्य किए। यह फाटक दक्षिणपूर्वी शहरपनाह के साथ स्थित था, यद्यपि सटीक स्थिति विवादास्पद है (2:14 पर टिप्पणियाँ देखें)।

इन लोगों ने **शेलह नामक कुण्ड की शहरपनाह** की, जो सोताफाटक के नीचे था, भी मरम्मत की। "शेलह" शब्द "शीलोह" (यशा. 8:6) की भिन्न वर्तनी प्रतीत होती है। "शेलह नामक कुण्ड" की पहचान संभवतः राजा हिजकिय्याह द्वारा बनवाए गए "सीलोम के कुण्ड" (NIV) के साथ की जानी चाहिए (2 राजा. 20:20; 2 इतिहास 32:30)।

उनके द्वारा मरम्मत की गई शहरपनाह की लंबाई **राजा की बारी** से लेकर **दाऊदपुर से उतरनेवाली सीढ़ी** तक थी। "राजा की बारी" शहरपनाह के बाहर हो सकती है जहाँ किद्रोन और हिनोम तराइयाँ मिलती हैं। यह एक चिर-परिचित भूमि-चिन्ह था जो यहूदियों के लिए उनके महिमामय अतीत के स्मारक के रूप में मूल्यवान था (देखें 2 राजा. 25:4; यिर्म. 39:4; 52:7)। "सीढ़ी," जो और अधिक उत्तर की ओर थीं, सोताफाटक के निकट थीं (12:37)। "यरूशलेम की पूर्वी टीले के दक्षिणी भाग" को "दाऊदपुर" कहा जाता था।[14] उत्तरी भाग मंदिर का टीला था।

आयत 16. एक भिन्न **नहेम्याह** ने - वह नहीं जो पुनः निर्माण के इस कार्य का नेतृत्व कर रहा था - **भी मरम्मत की** शहरपनाह के दक्षिणपूर्वी भाग की। वह **बेतसूर के आधे जिले का हाकिम था**, जो यरूशलेम से लगभग पन्द्रह मील दक्षिण-

पश्चिम स्थित था। उसने जिस शहरपनाह की मरम्मत की वह अनेकों महत्वपूर्ण स्मारकों के निकट थी। इनमें **दाऊद के कब्रिस्तान** - उस महान राजा, उसके वंशजों, और उसके उत्तराधिकारियों को दफनाने के स्थान, दाऊदपुर में स्थित थे (1 राजा. 2:10; 11:43; 14:31; 2 इतिहास 21:20; 32:33; प्रेरितों 2:29)। एक अन्य था **वीरों के घर**, जो संभवतः शूरवीर योद्धाओं के निवास-स्थान थे (देखें 2 शमूएल 10:7; 23:8-39)। नहेम्याह ने **बनाए हुए पोखरे** के निकट भी कार्य किया। यह सीलोम का कुण्ड, जो कि और अधिक दक्षिण में स्थित था, नहीं था (3:15 पर टिप्पणी देखें)। "बनाया हुआ पोखर" वह हो सकता है जिसे 2:14 में "राजा का कुण्ड" कहा गया है।

आयत 17. इस नहेम्याह के पश्चात **लेवी** थे जिन्होंने **रहूम** तथा हाकिम **हशब्याह** के अधीन कार्य किया। इसका नाम बाद में पुस्तक में लेवियों के मध्य बारंबार आता है (10:11; 11:15, 22; 12:24)। हशब्याह **कीला के आधे जिले का हाकिम** था। "कीला" एक नगर था जो यरूशलेम के दक्षिण-पश्चिम में, उससे सत्रह मील दूर स्थित था। यह कथन, **ने अपने जिले की ओर से मरम्मत** का अर्थ है कि उसने अपने जिले के प्रतिनिधि होकर, अथवा, उनकी ओर से मरम्मत की।

आयत 18. उनके भाइयों (संभवतः लेवियों के भाई[15]) की अगुवाई **बव्वै** ने की। वह **कीला के आधे जिले का हाकिम** था (देखें 3:17)।

आयत 19. एज़ेर मिस्पा का हाकिम था, जबकि शल्लूम उसके आस-पास के क्षेत्र का हाकिम था (3:15)। एज़ेर ने शहरपनाह के **एक और भाग की मरम्मत** की जो **मोड़ के पास शस्त्रों के घर की चढ़ाई के सामने है**। "मोड़" (מִקְצֹעַ, *मिक्त्सोआ*) किसी "सहारे" (NKJV; ESV), शहरपनाह में एक तीखा मोड़ (KJV; TEV), या किसी "ढलान/कगार" (NEB; REB) के लिए हो सकता है। 3:24, 25 में एक भिन्न "मोड़" का उल्लेख है।

आयत 20. जिस भाग का पुनः निर्माण **बारूक** ने किया वह **मोड़ से** आरंभ होकर **एल्याशीब महायाजक के घर के द्वार तक** था। अन्य सभी बनानेवालों से बारूक को अधिक प्रतिष्ठित किया गया है, क्योंकि उसके लिए कहा गया है कि उसने शहरपनाह की **मरम्मत तन मन से की**। अनेकों अनुवादों में ध्यान आकर्षित करने वाला "तन मन से" अनुपस्थित है (RSV; NRSV; NAB; NJB; NEB; REB; TEV; ESV)।[16]

आयत 21. मरेमोत का उल्लेख दूसरी बार आया है (देखें 3:4) और उसे **एक और भाग** की मरम्मत का श्रेय दिया गया है जो **एल्याशीब के घर के द्वार से ले उसी घर के सिरे तक** था।

आयत 22. अन्य **याजकों** (उनके अतिरिक्त जो 3:1 तथा 3:28 में हैं) ने इस परियोजना के शारीरिक परिश्रम में सहायता की। वे लोग **तराई** (כִּכָּר, *किक्कार*) के थे। इस शब्द का अर्थ होता है "गोल" या "अंडाकार" और बहुधा इसका अभिप्राय यरदन की घाटी से होता है। यह अभिप्राय अनुवाद "मैदान के लोग" (KJV; ASV; NKJV; RSV; देखें NJPSV) में प्रतिबिंबित होता है। एक अन्य संभावना है कि *किक्कार* का अभिप्राय यरूशलेम के "चारों ओर" के क्षेत्र से है (NIV; NRSV; NCV;

NLT; ESV; देखें TEV; CEV; REB)। इसका समर्थन पुस्तक में बाद में प्रयुक्त वाक्यांश "यरूशलेम के चारों ओर के देश" (12:28) से होता है।

आयत 23. बिन्यामीन और **हश्शूब** ने **अपने घर के सामने मरम्मत की**। भाषा का अभिप्राय है कि दो जन एक घर में साथ रहते थे (देखें मरकुस 1:29)। **अजर्याह** ने **अपने घर के पास मरम्मत की**। भिन्न पूर्वसर्गों "के सामने" और "के पास" का प्रयोग दिखाता है कि इन घरों का मुँह भिन्न दिशाओं में था या इनमें से एक, कोने पर बना हुआ था।

आयत 24. बिन्नूई ने **एक और भाग** पर काम किया। यद्यपि आज के पाठकों के लिए **मोड़ तक वरन् उसके कोने तक** अस्पष्ट हैं, यह माना जा सकता है कि नहेम्याह की अपेक्षा थी कि उसके मूल पाठक उन स्थानों की सटीक समझ रखेंगे जिनका वह उल्लेख कर रहा था (3:19 पर टिप्पणियाँ देखें)।

आयत 25. पालाल और **पदायाह** ने शहरपनाह की मरम्मत की। विशेषतः पालाल ने **उसी मोड़ के सामने जो ऊँचा गुम्मट राजभवन से बाहर निकला हुआ बन्दीगृह के आँगन के पास है, उसके सामने** काम किया। "ऊंचा गुम्मट" के स्थान पर NIV में "ऊँचा भवन" आया है। पुरातत्व विशेषज्ञों ने दाऊद का राजमहल प्रतीत होने वाले भवन, जिसके दोनों ओर एक-एक मीनार है, के खंडहरों को खोद कर निकाला है। उन्हें नहेम्याह की शहरपनाह का एक छोटा भाग भी मिला है। ये खुदाई दाऊदपुर के पूर्वी ओर की है।[17] हो सकता है कि, विशेषण "ऊंचा" संकेत कर सकता है कि, यह उल्लेख उस स्थान के विषय है जहाँ सुलैमान ने अपना महल बनाया था, जो ओपेल पर और अधिक उत्तर में स्थित है।

आयतें 26, 27. अन्य श्रमिकों में **नतीन** (देखें एज्रा 2:43-54), **तकोइयों** (देखें 3:5), और **याजक** सम्मिलित हैं। **ओपेल** "मंदिर के टीले के आरंभ के साथ संबद्ध है।"[18] **जलफाटक** बाद में कहानी में आता है, एज्रा द्वारा लोगों के लिए व्यवस्था के पढ़े जाने के साथ (8:1)। यह फाटक किद्रोन तराई के गिहोन सोते तक पहुँचने का मार्ग प्रदान करता होगा।

पूरबी शहरपनाह (3:28-32)

[28]फिर घोड़ाफाटक के ऊपर याजकों ने अपने अपने घर के सामने मरम्मत की। [29]इनके बाद इम्मेर के पुत्र सादोक ने अपने घर के सामने मरम्मत की; और तब पूरबी फाटक के रखवाले शकन्याह के पुत्र समयाह ने मरम्मत की। [30]इसके बाद शेलेम्याह के पुत्र हनन्याह और सालाप के छठवें पुत्र हानून ने एक और भाग की मरम्मत की। तब बेरेक्याह के पुत्र मशुल्लाम ने अपनी कोठरी के सामने मरम्मत की। [31]उसके बाद मल्कियाह ने, जो सुनार था, नतिनों और व्यापारियों के स्थान तक ठहराए हुए स्थान के फाटक के सामने और कोने के कोठे तक मरम्मत की; [32]और कोनेवाले कोठे से लेकर भेड़फाटक तक सुनारों और व्यापारियों ने मरम्मत की।

आयत 28. घोड़ाफाटक के ऊपर नाम नहीं दिए गए **याजकों** ने आवश्यक कार्य पूरे किए। इस फाटक का नाम उस नगर में घोड़ों के प्रवेश करने के तथ्य से आता है (देखें यिर्म. 31:40), जिनको राजा के महल तक ले जाया जाता है (देखें 2 राजा. 11:16; 2 इतिहास 23:15[19])। घोड़ाफाटक मन्दिर के पहाड़ के दक्षिण-पूर्व कोने के पास स्थित था। वाक्यांश **अपने अपने घर के सामने** यह दर्शाता है कि याजक मन्दिर के पास रहते थे।

आयत 29. इनके बाद ... सादोक ने अपने घर के सामने मरम्मत की। यह सादोक (**इम्मेर के पुत्र**) वह पुरुष नहीं जिसकी पहचान 3:4 में की गई है। **समयाह** जिसका वर्णन **पूरबी फाटक के रखवाले** के रूप में किया गया है जिसने **मरम्मत** भी **की**। फाटक के रखवाले पहरुए के रूप में कार्य करते थे, जो प्रवेश की अनुमति देते या नहीं देते थे, और लोगों को सुरक्षा प्रदान करते थे। कुछ लोग सोचते हैं कि "पूरबी फाटक" आन्तरिक मन्दिर के बाड़े के पूर्व की ओर के फाटक को संदर्भित करता है। इसलिये, अन्य लोग इस फाटक को मन्दिर के पूरबी फाटक के साथ पहचानते हैं, शायद वहाँ आज जहाँ सुनहरा फाटक पाया जाता है।

आयत 30. हनन्याह और **हानून ने एक और भाग की मरम्मत की**। यह दूसरी बार है जब हम **बेरेक्याह के पुत्र मशुल्लाम** (देखें 3:4) के बारे में पढ़ते हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि शहरपनाह की मरम्मत के विवरण ने पाठक को लगभग पूरे यरूशलेम के बारे में बताता है। यहाँ वर्णित स्थान आयत में बताए गए शहरपनाह के क्षेत्र से अपेक्षाकृत निकट था। यह उसकी **अपनी कोठरी के सामने**, या, सचमुच, "उसके कक्ष" के आस-पास था। इब्रानी शब्द נִשְׁכָּה (*निश्काह*) सुझाव देता है कि मशुल्लाम को कुछ आधिकारिक कक्ष दिया गया था जैसे कि जो मन्दिर में रहते थे उन्हें दिया जाता था (cf. एज्रा 10:6; नहेम्य. 12:44; 13:4-9)।"[20]

आयत 31. मल्कियाह की पहचान दूसरों के द्वारा उसके कार्य के अनुसार इस सूची (3:11, 14) में दिए उसके ही समान नाम वाले से कर ली गई है: वह **एक सुनार** था। अन्य "सुनारों" का उल्लेख पहले पश्चिमी शहरपनाह के सम्बन्ध में किया गया था (3:8)। उसने पूरबी फाटक को पूरा करने के साथ साथ **नतिनों और व्यापारियों के स्थान तक मरम्मत की**। यह **ठहराए हुए स्थान के फाटक के सामने और कोने के कोठे तक** था। "ठहराए हुए स्थान" के बदले, कुछ एड. इब्रानी शब्द को "मिफकद" (KJV; NKJV) या "हम्मीफकद" (ASV) के रूप में लिखते हैं। अन्य लोग इसका अनुवाद "एकत्र होने का स्थान" (NEB; REB), के रूप में करते हैं, जो यह बताता है कि इस फाटक पर पहरुए या सैनिकों को इकट्ठा किया गया था। यह 12:39 में "पहरुओं के फाटक" का पर्याय बन सकता है। कुछ लोग ठहराए हुए स्थान के फाटक की पहचान करते हैं - भेड़फाटक के बदले - देश निकाला के पूर्व बिन्यामीन फाटक के साथ (देखें 3:1 पर टिप्पणी)। यह पूर्वी शहरपनाह के साथ सबसे उत्तरी प्रवेश द्वार था।

आयत 32. कोनावाले कोठे सम्भवतः पहरे की मीनार को संदर्भित करता है, जिसका निर्माण वहाँ किया जाता है जहाँ पूर्वी और उत्तरी दीवारें मिलती हैं। इस जगह और उत्तरी शहरपनाह के **भेड़फाटक** के बीच की **मरम्मत सुनारों और**

व्यापारियों ने की। यह वह क्षेत्र हो सकता है जहाँ उन्होंने अपना माल बेचा (3:8 पर टिप्पणि देखें)।

अध्याय का सारांश देते हुए, एडविन एम. यामूची ने चालीस लोगों की गिनती की, जिनके नाम शहरपनाह के बयालीस खंडों के पुन: निर्माण में भागी होने के रूप में लिखा गया है, यद्यपि कुल दस फाटकों की सूची दी गई है। जबकि, नहेम्याह के समय में यरूशलेम की सीमा अनिश्चित है, जिसका अनुमान $2^1/_2$ मील से अधिक नहीं है।[21]

अनुप्रयोग

ऐतिहासिक उपलब्धि (अध्याय 3)

इस अध्याय के बारे में आज यदि कोई पाठक पहला प्रश्न पूछता है, वह यह है कि "यहाँ ऐसा क्यों है?" नहेम्याह इन महत्वहीन जानकारियों को लिखने की चिन्ता क्यों करेगा? नहेम्याह का उद्देश्य शायद दोगुना था। वह यह आनेवाली पीढ़ी के लिये कर रहा था, जो इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये जिम्मेदार था और उसके शब्द इस ऐतिहासिक लेख के पाठकों को परमेश्वर के कार्य को पूरा करने के लिये एकजुट होने के लिये प्रोत्साहित करें।

नहेम्याह यहूदा के अभिलेखागार के लिये एक ऐतिहासिक लेख लिख रहा था; वह यहूदा के इतिहास में वह लोगों को इस कठिन समय में उनके कार्यों के लिये जो उन्होंने किए थे श्रेय देना चाहता था। आनेवाले वर्षों में, जब बच्चों ने यरूशलेम की शहरपनाह को देखा और पूछा, "इसका निर्माण किसने किया?" नहेम्याह के दस्तावेज़ उनके प्रश्न का उत्तर देंगे।

यद्यपि, इस बात की सम्भावना भी प्रतीत होती है कि नहेम्याह (पवित्र आत्मा से प्रेरितों.) बाद की पीढ़ियों को अनुभव से एक उत्साहजनक सीख देना चाहते थे। शायद वह अपने पाठकों को इस तथ्य के साथ प्रभावित करना चाहता था कि शहरपनाह का पुनः निर्माण शासन की एक परियोजना थी, जिसमें यहूदा की जनसंख्या शामिल थी।

लोग शहरपनाह का पुनः निर्माण करने में कैसे सक्षम थे? आयत इस प्रश्न के तीन उत्तर बताता है।

कुशल नेतृत्व। शहरपनाह को कुशल नेतृत्व के साथ फिर से बनाया गया था। नहेम्याह ने लोगों को प्रेरितों. करने और काम में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये एक अगुवे के रूप में अपनी बुद्धि का प्रदर्शन किया (2:17, 18)। उसने सुनिश्चित किया कि काम के हर हिस्से को करने के लिये किसी न किसी को उसे सौंपा जाना चाहिए; इसलिये, शहरपनाह के प्रत्येक भाग को पाठ में दर्शाया गया है। इसके अलावा, उसने लोगों को उन जगहों पर काम करने के लिये रखा, जिनमें वे सबसे अधिक रुचि रखते थे।[22] कई बार अध्याय में यह बताया गया है कि शहरपनाह के भागों का पुनः निर्माण लोग अपने घरों के या रहने के स्थान "के पास," "सामने" या "बगल में" कर रहे थे (देखें 3:10, 23, 28, 29, 30)। इस

रणनीति ने बनानेवालों को शहरपनाह के उस हिस्से को यथासंभव मजबूत बनाने के लिये प्रेरितों. किया होगा।

अधिक से अधिक भागीदारी। जनसंख्या के एक बड़े हिस्से की भागीदारी के माध्यम से शहरपनाह को फिर से बनाया गया था। अध्याय में जोर दिया गया है कि परियोजना के साथ जीवन में हर क्षेत्र से लोगों ने सहायता की।

1. मन्दिर के कर्मचारी और सामान्य लोग। जिन्हें मन्दिर और उसकी सेवाओं में सेवा करने के लिये परमेश्वर ने अलग किया था और अन्य सभी यहूदियों ने भी इस काम में हाथ बटाया। अधिकांश लोग जिनके नाम दिए गए हैं वे सामान्य लोग थे, परन्तु यह आयत बताता है कि "याजक " (महायाजक एल्याशीब सहित; 3:1, 21, 22, 28), "लेवियों" (3:17) और "मन्दिर के सेवकों" (3:26) ने भी शहरपनाह को बनाया।

2. यरूशलेम के निवासी और वे लोग जो यरूशलेम के बाहर रहते थे। अधिकांश लोग जिनकी सूची अध्याय में दी गई है वे यरूशलेम में रहते थे और अपने घरों के पास शहरपनाह पर काम करते थे। जबकि, यह भी स्पष्ट है कि कुछ कार्यकर्ता नगर के बाहर यहूदा के नगरों से थे। यरीहो (3:2), तकोइयों (3:5), गिबोन और मिस्पा (3:7), जानोह (3:13), बेतसूर (3:16) और कीला (3:17, 18) के पुरुषों के साथ ही यरूशलेम (3:22) के आसपास के क्षेत्र के याजकों ने शहरपनाह की मरम्मत में सहायता की। यह तथ्य पुष्टि करता है कि शहरपनाह का पुनः निर्माण यरूशलेम की जनसंख्या की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास से अधिक बड़ा था। जबकि तकोइयों के लोगों (उदाहरण के लिये) ने अपनी इच्छा से यरूशलेम के निवासियों को शत्रु के आक्रमण से बचने के लिये उनकी सहायता की, इसकी अधिक सम्भावना है कि वे यरूशलेम के संरक्षण के बारे में चिन्तित थे। यह नगर सभी यहूदियों के लिये बहुमूल्य था, और यह राष्ट्र की रक्षा और सापेक्ष स्वतंत्रता के लिये महत्वपूर्ण था। यहूदियों के लिये, सबसे महत्वपूर्ण भूमिका, यरूशलेम जो परमेश्वर के मन्दिर का नगर था, जिसका कार्य उनके राष्ट्र और उनके धर्म के प्रतीक के रूप में था।

3. "रईस" और सामान्य जनता। देश भर के यहूदियों के अगुवों ने इस कार्य में सहायता की। कार्यकर्ताओं में "महायाजक" (3:1) और यहूदा के प्रशासनिक जिले के हाकिम (3:9, 12, 14-19) शामिल थे। जबकि, आयत कुछ स्थानों के "पुरुषों" (जैसे यरीहो; 3:2) के बारे में भी बताता है और उन व्यक्तियों का उल्लेख करता है जिनके नाम बिल्कुल अज्ञात हैं - सम्भवतः सामान्य लोग जो अपनी इच्छा से नेतृत्व या अपने सहयोगियों के साथ शहरपनाह की मरम्मत करने वाले भागों में काम करते हैं।

4. पारिवारिक समूहों के लोग। शहरपनाह के विभिन्न हिस्सों की मरम्मत करने वाले पुरुषों ने अपने परिवारों की सहायता की। आयत बताती है कि कुछ मामलों में रिश्तेदारों ने एक साथ काम किया। एक पुरुष के "बेटों" ने शहरपनाह के एक निश्चित क्षेत्र पर काम किया (3:3), और दूसरे भाग की "भाइयों समेत मरम्मत की" (3:18)।

5. पुरुष और स्त्री। एक पिता ने "अपनी बेटियों समेत मरम्मत की" (3:12)। इसका अर्थ है कि, भले ही पाठ में केवल पुरुषों के नाम दिखाई देते हैं, परन्तु स्त्रियों ने भी शहरपनाह का काम किया!

6. विभिन्न व्यवसाय के लोग। याजकों, लेवियों और मन्दिर के सेवकों के अलावा, अध्याय "सुनारों," "नतिनों," और "व्यापारियों" (3:8, 31, 32) के बारे में बताता है। ये सभी उन श्रमिकों में से थे जिन्होंने शहरपनाह के सफल निर्माण में सहायता की।

स्वयंसेवी कार्यकर्ता। शहरपनाह को फिर से बनाया गया क्योंकि लोगों ने अपनी इच्छा से परियोजना के लिये अपना समय, प्रतिभा और श्रम का योगदान दिया। इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है क्योंकि एक आयत में हमें बताया गया है कि तकोइयों के कुछ "रईसों ने अपने प्रभु की सेवा का जूआ अपनी गर्दन पर न लिया" (3:5)। शहरपनाह के पुनः निर्माण का विचार सर्वसम्मत नहीं था; कुछ ने इस युक्ति को अनुचित पाया और सहायता करने से इनकार कर दिया। इस कारण से, जिन लोगों ने सहायता की उन्हें और भी अधिक प्रशंसा प्राप्त होनी चाहिए। तकोइयों के "रईसों" के विपरीत, उन्होंने स्वेच्छा से काम किया - क्योंकि वे ऐसा करना चाहते थे। उन्होंने अपनी इच्छा से काम किया।

इसलिये, अध्याय के विवरण को महत्वपूर्ण रूप से देखा जाना चाहिए। वे अपने घर और अपने विश्वास को बनाए रखने के लिये एकजुट लोगों द्वारा किए गए एक महान कार्य को चित्रित करते हैं।

सम्मानित व्यक्तियों की सूची (अध्याय 3)

नहेम्याह 3 में यरूशलेम की शहरपनाह को फिर से बनाने के लिये शत्रुओं से खतरों और चेतावनियों का सामना करने की हिम्मत रखने वाले परमेश्वर के सम्मानित व्यक्तियों की सूची है। जब वे काम करते थे, तो वे स्वयं को बचाने के लिये तैयार रहते थे, हर समय सचेत होते थे कि क्या शत्रु आक्रमण करने वाला है।

अध्याय 2 में नहेम्याह की शहरपनाह के निरीक्षण के बाद, उसने "यहूदियों, याजकों, रईसों, हाकिमों" के सामने स्वीकार किया कि मरम्मत की भारी आवश्यकता थी। उसने कहा, "आओ," "हम यरूशलेम की शहरपनाह को बनाएँ, कि भविष्य में हमारी नामधराई न रहे" (2:17)। उसने उनको बतलाया, कि परमेश्वर की कृपादृष्टि उस पर कैसी हुई और राजा ने उस से क्या क्या बातें कही थीं। लोगों ने कहा, "आओ, हम कमर बाँधकर बनाने लगें" (2:18)।

अध्याय 4 में शत्रु से लगातार मिल रही धमकियों के साथ, नहेम्याह ने कहा, "[शत्रुओं] से मत डरो; प्रभु जो महान् और भययोग्य है, उसी को स्मरण करके, अपने भाइयों, बेटों, बेटियों, स्त्रियों और घरों के लिये युद्ध करना।" (4:14)।

ये कार्यकर्ता दर्शन, साहस, हार्दिक समर्पण और निर्भीकता के व्यक्तित्व थे। उनके बिना, मन्दिर और नगर की रक्षा के लिये शहरपनाह का परिष्करण नहीं हो सकता था। उनके बिना, नहेम्याह, जिसे हम इतने उच्च सम्मान में रखते हैं, इस कार्य पूरा नहीं कर सकता था।

इब्रानियों 11:30 में, लेखक ने विश्वास का यह उदाहरण दिया: "विश्वास ही से यरीहो की शहरपनाह, जब वे सात दिन तक उसका चक्कर लगा चुके, तो वह गिर पड़ी।" नहेम्याह की पुस्तक से, हमें विश्वास के एक और उदाहरण के बारे में पता चलता है जिसे सूची में शामिल किया जा सकता था: "विश्वास से, पच्चीसवें दिन को अर्थात् बावन दिन के भीतर शहरपनाह बन गई" (देखें 6:15.)

नहेम्याह 3 में जिन पुरुषों का वर्णन है वे इस काम के प्रति विश्वासयोग्य थे, युद्ध के और उसे खत्म करने में विश्वासयोग्य थे। पौलुस के समान, वे लिख सकते थे, "मैं अच्छी कुश्ती लड़ चुका हूँ, मैं ने अपनी दौड़ पूरी कर ली है, मैं ने विश्वास की रखवाली की है" (2 तीमु. 4:7)। आइए हमारे बारे में भी लोग कहने पाएँ, हम उन कार्यों को पूरा करते हैं जो परमेश्वर ने हमें दिया है।

प्रभावशाली नेतृत्व: दूसरों को प्रोत्साहित करना (अध्याय 3)

एक प्रभावशाली अगुवा एक अच्छा प्रेरक होता है; वह लोगों को अपनी अगुवाई के लिये मना लेने के योग्य होता है और जो वह उनसे करवाना चाहता है उसे करने के लिये उन्हें तैयार कर लेता है। परन्तु, प्रभावी नेतृत्व हमेशा *अच्छा* नेतृत्व नहीं होता है। कुछ स्थितियों में, अगुवे लोगों को शारीरिक बल के उपयोग द्वारा अपनी बात मनवाने के लिये मजबूर करते हैं। अपनी बात मनवाने की शैली खतरों और धमकी पर आधारित होता है। कलीसिया और (अधिकांश व्यावसायिक स्थितियों में) जैसे मुक्त समाजों और स्वयंसेवी संगठनों में, सर्वश्रेष्ठ अगुवे वे होते हैं जो लोगों को प्रेरितों. करने में सफल होते हैं जहाँ वे उन्हें एक अच्छे उद्देश्य के लिये निर्देशित करते हैं।

नहेम्याह के प्रेरक गुण विस्तृत नहीं हैं, परन्तु वे स्पष्ट हैं। 2:17 में, उसने यहूदियों से कहा, "तुम आप देखते हो कि हम कैसी दुर्दशा में हैं, कि यरूशलेम उजाड़ पड़ा है और उसके फाटक जले हुए हैं। आओ, हम यरूशलेम की शहरपनाह को बनाएँ, कि भविष्य में हमारी नामधराई न रहे।" नहेम्याह ने लोगों से बात की। उसका उद्देश्य उन्हें यरूशलेम की शहरपनाह के पुनः निर्माण के लिये प्रेरितों. करना था।

क्या उसने अपने उद्देश्य को प्राप्त किया? अगली आयत कहती है, तब उन्होंने कहा, "'आओ, हम कमर बाँधकर बनाने लगें।' और उन्होंने इस भले काम को करने के लिये हियाव बाँध लिया" (2:18)। नहेम्याह ने अपना लक्ष्य पूरा किया! उसने लोगों को वह करने के लिये प्रेरितों. किया जिसके किए जाने की आवश्यकता थी। स्पष्ट है उन्होंने तुरन्त शहरपनाह पर काम करना शुरू कर दिया।

नहेम्याह इतना प्रेरक क्यों था? क्योंकि हमारे पास जो शब्द हैं, वह केवल उसके शब्दों का एक नमूना या सारांश है जिसे नहेम्याह ने दिया था, हम उन सभी कारकों को नहीं जान सकते हैं, जो पूरा होने के परिणाम घोषित करते हैं। इसलिये, कई विशेषताओं को इंगित करना सम्भव है, जो नहेम्याह के प्रेरक बनने के कारण हो सकते हैं।

उसे अच्छे से जानकारी रखता था। उसने समस्या तब देखी जब उसने रात में

शहरपनाह का निरीक्षण किया। उसने उन "दुर्दशा" (2:17) का सामना करने के लिये विस्तृत उदाहरण दिए होंगे, जिनका यहूदी सामना कर रहे थे।

सम्भवतः वह पहले से ही सम्माननीय पुरुष था। यह सम्भावना है कि लोगों को उसके और उसकी पृष्ठभूमि के बारे में पता था। यहूदा के लोग अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास जाते थे जब वे सुसा की यात्रा कर रहे थे। उसके बारे में लोगों के ज्ञान ने उसे सम्मान दिया और उसके शब्दों को ग्रहण करने के लिये इच्छुक किया।

उसने अधिकार के साथ बात की। क्योंकि वह "अधिपति" (5:14) ठहराया गया, उसके पीछे राजा का अधिकार था। वह अपने कार्यों के "अधिकार" पर जोर देता था, जिस परियोजना का वह प्रस्ताव कर रहा था, यह कहते हुए कि उसके कार्य में न केवल राजा का अधिकार था, बल्कि परमेश्वर की आशीष (2:18) भी थी।

उसने स्पष्ट रूप से अपने इरादे व्यक्त किए। अध्याय 2 में दिए गए कथन से शुरुआत करते हुए उसने अपने उद्देश्य को बताया। अपने इरादों को छिपाने के बदले, उसने स्पष्ट रूप से अपने कथन और अपने उद्देश्य के विषय की घोषणा की: "हम यरूशलेम की शहरपनाह को बनाएँ" (2:17)। किसी भी बात पर आश्चर्य करने की आवश्यकता नहीं पड़ने वाली थी कि नहेम्याह क्या कहना चाह रहा था या वह लोगों को क्या करवाने का प्रयत्न कर रहा था।

उसने लोगों को उसकी बात मानने के लिये कारण दिए। कुछ कारण राजा की अनुमति के बारे में बताने पर और परमेश्वर की कृपादृष्टि के होने के उल्लेख के साथ निहित थे। अन्य कारण जो विशेष से दिए गए थे: यहूदियों को न केवल एक असुरक्षित नगर में रहने वाले खतरों के कारण शहरपनाह को फिर से बनाने की आवश्यकता थी, बल्कि इसलिये भी कि उजाड़ पड़े शहरपनाह ने यहूदियों को अन्य लोगों की आँखों में "नामधराई" (2:17) के पात्र बना दिया था। वे लज्जित और अपमानित, थे क्योंकि शहरपनाह "टूटी पड़ी हुई" (2:13) थी।

उसने लोगों की भावनाओं से निवेदन किया। उसके शब्द भावना से ओतप्रोत था। परमेश्वर के लोग एक "दुर्दशा" में थे; यरूशलेम "उजाड़ पड़ा" था; उनकी अपने पड़ोसियों की दृष्टि में "नामधराई" हो रही थी। नहेम्याह उस कार्य को करने में सफल रहा जिसे वह लोगों से करवाना चाहता था।

कलीसिया के अगुवों को भी अच्छे प्रेरक होने की आवश्यकता है। जबकि बाइबल कहती है कि माता-पिता का अपने बच्चों पर, पति अपनी पत्नी पर, और प्राचीनों का कलीसिया पर अधिकार होता है, यह उन लोगों पर लागू नहीं होता है, जो ऐसा करने का नेतृत्व दबाव देते हुए, अधिकार जताते हुए करते हैं। वास्तव में, नया नियम पिताओं से कहता है कि "[अपने] बच्चों को रीस न दिलाओ," (इफि. 6:4); यह पतियों को अपनी पत्नियों का नेतृत्व "प्रेम" (इफि. 5:25) के साथ करने के लिये कहता है; और यह प्राचीनों से कहता "है कि उन पर अधिकार न जताओ," वरन् झुंड के लिये आदर्श बनो (1 पतरस 5:3; NRSV)।

मसीही व्यक्ति यदि कलीसिया "पर अधिकार" न जताएँ तो कलीसिया का

नेतृत्व कैसे कर सकते हैं? लोगों का सही मार्गदर्शन करते हुए प्रेरितों. करने की शिक्षा पाकर। प्राचीन विश्वासियों को मसीह के विश्वासयोग्य सेवक होने के लिये मजबूर नहीं कर सकते। नए नियम में इस सच्चाई का अर्थ है कि प्राचीनों को उपयुक्त शिक्षक बनने और उन्हें "प्रेरितों" (इफि. 4:11), या "रखवाली करनेवाले" (प्रेरितों 20:28; 1 पतरस 5:2) कहने की आवश्यकता है।

प्रभावी होने के लिये, कलीसिया के अगुवे को एक अच्छा प्रेरक बनना चाहिए। वह उस लक्ष्य को पूरा कर सकता है, नहेम्याह के उदाहरण का अनुसरण यह जानते हुए कर सकता है कि वह किस बारे में बात कर रहा है, विश्वसनीय होते हुए, और जो कुछ भी वह पूरा करना चाहता है, परमेश्वर का अधिकार के साथ करना चाहिए। उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या किया जाना है, प्रत्येक कार्य को पूरा करने के लिये अच्छे कारण दे, और लोगों की भावनाओं को प्रगट करने के लिये निवेदन करे ताकि वे कार्य को करने में शामिल होने का निर्णय ले सकें।

निष्कर्ष। एक अगुवा का मूल्यांकन कैसे किया जाता है? नेतृत्व का सबसे अच्छा परीक्षण वह नहीं है जो अगुवा करता है, परन्तु वह है जिसे वह और अन्य एक साथ करने का प्रयास करते हैं। उस मानक को देखते हुए, नहेम्याह बाइबल के सबसे सफल अगुवों में से एक था।

काम एक, करनेवाले अनेक (अध्याय 3)

जब नहेम्याह ने यरूशलेम की शहरपनाह के पुनर्निर्माण में यहूदियों का नेतृत्व किया, तो उसने काम में जीवन के हर पड़ाव से स्वयं की इच्छा से काम करनेवाले सेवकों को शामिल किया। याजक, लेवीय, मन्दिर के सेवक, साधारण जनता, यरूशलेम के लोग और अन्य क्षेत्रों से, पुरुष और स्त्री, शासक और प्रजा, भाई और पिता और पुत्रियाँ, शिल्पकार और व्यापारी: ये सभी व्यक्ति इस महान उद्देश्य को पूरा करने के लिये एकजुट हुए।

बनानेवालों की विविधता इस महान सत्य का सुझाव देती है जबकि परमेश्वर की कलीसिया में, विभिन्न प्रकार की पृष्ठभूमि और क्षमताओं वाले सभी प्रकार के लोग एक ही कार्य को पूरा करने के लिये एक साथ आते हैं। एक एकजुट लोगों के रूप में, कलीसिया के सदस्य परमेश्वर की महिमा करते हैं, खोए हुए लोगों की अगुवाई उद्धार की ओर करते हैं और एक-दूसरे की उन्नति करते हैं (देखें इफि. 4:11-13; 1 पतरस 4:10, 11)।

प्रभु की कलीसिया की मण्डलियों में, सभी का स्वागत किया जाना चाहिए: पुरुषों और स्त्रियों और युवाओं, विभिन्न रंगों और वर्गों और राष्ट्रीयता के व्यक्ति, शासक और सामान्य व्यक्ति, जो सभी प्रकार के आवासीय क्षेत्रों में रहते हैं और सभी प्रकार के वैध तरीकों से अपना साधन अर्जित करते हैं। कलीसिया के निर्माण में हर सदस्य की प्रतिभा का उपयोग किया जाना चाहिए (1 कुरि. 12:1-31)। नहेम्याह और उसके साथ काम करने वाले यहूदियों का उदाहरण हमें परमेश्वर के काम को पूरा करने के लिये एकजुट होने के लिये प्रोत्साहित करना चाहिए।

कठिन परिश्रम से आगे? (3:5)

नहेम्याह 3:5 में, हम पढ़ते हैं कि "तकोइयों ने मरम्मत की; परन्तु उनके रईसों ने अपने प्रभु की सेवा का जूआ अपनी गर्दन पर न लिया।" क्यों नहीं करते? शायद, जबकि वे "रईस" थे, परन्तु उन्होंने स्वयंसेवक के रूप में श्रम करने के लिये अपने आपको बहुत महत्वपूर्ण समझा। क्योंकि वे धनी पुरुष थे जिन्होंने दूसरों को अपने कार्यों लिये शारीरिक श्रम करने के लिये लोगों को काम पर रखा होगा। ऐसा लगता है कि वे शहरपनाह पर काम करने के लिये अपने हाथों को गंदा करने के लिये तैयार नहीं थे। यदि ऐसा होता तो आज उनकी नकल करने वाले लोग होते। कुछ पुरुषों को लगता है कि वे कुछ प्रकार के काम करने के लिये बहुत अच्छे या बहुत महत्वपूर्ण हैं। कलीसिया में भी, कुछ लोग सोच सकते हैं कि उनके पास नेतृत्व या अपनी बात को कुशलता से रखने का जो गुण है उसके साथ - छतों की मरम्मत, आँगन की साफ सफाई या बर्तन धोने जैसे शारीरिक श्रम के कार्यों में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

कोई भी प्राचीन या उपदेशक जो समझता है कि उसकी बुलाहट उसके लिये बहुत महत्वपूर्ण है तो निम्न स्तर के श्रम को यह स्मरण करते हुए करना चाहिए कि यीशु ने कोयले की आग जलाई और उस पर मछली रखकर पकाई (यूहन्ना 21:9-12) और पौलुस ने लकड़ियों का गट्ठा बटोरकर आग पर रखा (प्रेरितों. 28:3)। यहाँ तक कि जिन लोगों के पास प्रचार या अगुवाई करने का विशेष वरदान होता है, वे उन कामों से नहीं बच सकते जो कलीसिया को चलाने के लिये आवश्यक होते हैं। यहाँ तक कि "रईसों" को यह महसूस करने की आवश्यकता है कि वे अच्छा नहीं हैं यदि उनके लिये कार्य को आगे बढ़ाने के लिये मसीह के कारण हाथों को गंदा न करें।

समाप्ति नोट्स

[1]डेरेक किडनर, *एज्रा एण्ड नहेम्याह*, द टिन्डेल ओल्ड टेस्टामेंट कॉमेन्ट्रीस (डाउनर्स ग्रोव, इल्लिनोय: इन्टर-वर्सिटी प्रैस, 1979), 86. [2]एच. जी. एम. विलियमसन, *एज्रा, नहेम्याह*, वर्ड बिबलिकल कॉमेन्ट्री, वोल. 16 (वाको, टेक्सस: वर्ड बुक्स, 1985), 203. [3]जॉर्ज आर. एच. राईट, *एन्शियंट बिलडिंग इन साउथ सीरिया एण्ड पैलिस्टीन*, वोल. 1 (लेइडेन, निदरलैंड्स: ब्रिल, 1985), 188. [4]एडविन एम. यामाउची, "एज्रा-नहेम्याह," में *द एक्सपोज़िटर्स बाइबल कॉमेन्ट्री*, वोल. 4, *1 राजा-अय्यूब*, एडिटर फ्रैंक ई. गैबेलीएन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ॉनडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1988), 693. [5]लेस्ली सी. एलेन एण्ड टिमोथी एस. लानियक, *एज्रा, नहेम्याह, एस्तेर*, न्यू इंटरनैशनल बिबलिकल कॉमेंट्री (पीबौडी, मैसाच्यूसेट्स: हेन्ड्रिक्सन पब्लिशर्स, 2003), 101. [6]देखें योहानन अहारोनी एण्ड मिकाएल एवी-योना, *द मैकमिलन बाइबल एटलस*, तीसरा एड. (न्यू यॉर्क: मैकमिलन पबलिशिंग कं, 1993), 17 (मैप 10)। [7]उपरोक्त। [8]किडनर, 87. [9]एफ. चार्ल्स फेनशैम, *द बुक्स ऑफ एज्रा एण्ड नहेम्याह*, द न्यू इंटरनैशनल कॉमेन्ट्री ऑन द ओल्ड टेस्टामेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1982), 174. [10]संभवतः एज्रा 10:3 में एज्रा को "अपने प्रभु" कहकर संबोधित किया गया है।

[11]उपरोक्त। [12]डी. जे. ए. क्लाईन्स, *एज्रा, नहेम्याह, एस्तेर*, द न्यू सेंच्युरी बाइबल कॉमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1984), 153. [13]इन स्थानों के

लिए, विलियमसन में नकशे को देखें, 203. [14]किडनर, 88. [15]आयत 18 के वाक्यांश को NRSV "उनके संबंधी" अनुवाद करती है, और NIV में "उसके देशवासी" आया है। [16]देखें फेनशैम, 177. [17]एइलात मज़ार, "द वॉल दैट नहेम्याह बिल्ट," *बिबलिकल आर्कियौल्जी रिव्यू* 35, नो. 2 (मार्च-अप्रैल 2009): 24-33, 66. [18] किडनर, 89. [19]ये आयतें शहरपनाह और राजा के महल में घोड़ाफाटक के बीच एक आन्तरिक प्रवेश को संदर्भित कर सकता है। [20]विलियम्सन, 210.

[21]यामुची, 692. [22]क्योंकि नहेम्याह (मन्त्री) अध्याय 3 में नहीं पाया जाता है, इससे यह स्पष्ट है कि वह काम का आयोजन करनेवाला या प्रशासक था। शहरपनाह के किसी विशेष भाग का निर्माण करना उसका कर्तव्य नहीं था; बल्कि यह देखना उसका काम था कि यह कार्य पूरा हुआ या नहीं।